**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. ऑनलाइन सरकारी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अंडमान–निकोबार प्रशासन ने नागरिकों से सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की।
2. मायाबंदर में एंडरसन द्वीप की तटीय भूमि उपयोग और भू–आकृति संबंधी योजना पर 26 नवंबर को जनसुनवाई की जाएगी।
3. कार निकोबार की क्षेत्रीय विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में सात विद्यालयों के 21 मॉडल प्रदर्शित, दो विद्यालयों का राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया।
4. बिग लापाथी गांव में सुनामी से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपसमूह के सभी नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी सेवाओं के लाभार्थियों से राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन 2025 के नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ लेने वाले नागरिकों के अनुभव और सुझाव प्राप्त कर सेवाओं की गुणवत्ता, सुलभता एवं प्रभावशीलता का आकलन करना है। नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए nesda.gov.in पर जा सकते है। सर्वेक्षण में भाग लेने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।

<><><><><><><><>

एंडरसन द्वीप की प्रारूप एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने के संबंध में 26 नवंबर को जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। पर्यावरण एवं वन विभाग ने पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के तहत इस जन सुनवाई के आयोजन के लिए आवेदन किया है। योजना के प्रारूप के साथ तटीय भूमि उपयोग मानचित्र और भू–आकृति विज्ञान मानचित्र अंडमान एवं निकोबार प्रशासन तथा पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, इन दस्तावेजों की प्रतियां संबंधित विभागों और कार्यालयों में भी रखी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जन सुनवाई 26 नवंबर को सुबह 11 बजे उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले की मायाबंदर तहसील स्थित चेनपुर सामुदायिक भवन में आयोजित होगी।

<><><><><><><><>

जिला प्रशासन और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना, कार निकोबार के संयुक्त तत्वावधान में 15 नवंबर को बाल भवन, जी पी एस किन्युका में जनजातीय गौरव दिवस 2026 मनाया गया। यह आयोजन महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ इक्यावनवीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में निकोबार के उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि, जनजातीय परिषद कार निकोबार के अध्यक्ष लियोनेल निकोमेड विशिष्ट अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने जनजातीय अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उपायुक्त प्रशस्ति प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनजातीय परिषद के प्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><><>

कार निकोबार में शिक्षा विभाग की ओर से प्रियदर्शिनी सभागार में क्षेत्रीय स्तरीय विज्ञान, गणित, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी–2026 आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि, जनजातीय परिषद के अध्यक्ष लियोनार्ड निकोमेड विशिष्ट अतिथि तथा उपाध्यक्ष जॉन लेवी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, प्रयोगों और नवाचार के माध्यम से वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में सात विद्यालयों के 21 मॉडल तीन वर्गों में प्रस्तुत किए गए। वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में लापाथी स्कूल का आपदा प्रबंधन प्रथम,

सवाई स्कूल का कार्बन शुद्धिकरण द्वितीय और स्मार्ट कृषि तृतीय रहा, जबकि लापाथी स्कूल का कार्बन शुद्धिकरण चौथे स्थान पर रहा। माध्यमिक वर्ग में मलक्का स्कूल का ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रथम, अरोंग स्कूल का पादप विज्ञान मॉडल द्वितीय और मलक्का स्कूल का जल में पौधे उगाने का कार्यशील मॉडल तृतीय रहा। उच्च प्राथमिक वर्ग में मलक्का स्कूल का पशु वसा से बायोगैस निर्माण प्रथम और तापोइमिंग स्कूल का सौर ऊर्जा आधारित जल वि–लवणीकरण द्वितीय रहा। मलक्का स्कूल के दो औषधीय पौधों और लापाथी स्कूल की शिल्पकला सामग्री को राजधानी श्री विजयपुरम में होने वाली राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए चुना गया।

<><><><><><><><>

सुनामी से बचाव और आपदा तैयारी को मजबूत करने के उद्देश्य से आज बिग लापाथी गांव के सामुदायिक भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निकोबार जिला उपायुक्त कार्यालय के जिला आपातकालीन संचालन केंद्र ने किया। इसमें ग्रामीणों को सुनामी के कारणों, संभावित प्रभावों, प्राकृतिक चेतावनी संकेतों, पूर्व चेतावनी प्रणाली और आपातकालीन सूचना व्यवस्था की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सुरक्षित स्थानों, निकासी मार्गों, परिवार की तैयारी, आपातकालीन किट और बचाव के जरूरी उपायों के बारे में बताया गया। आपदा प्रबंधन निदेशालय, हैदराबाद स्थित भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र और संबंधित जिला प्रशासनों के समन्वय से द्वीपसमूह के 30 चयनित तटीय गांवों में सुनामी तैयारी कार्यक्रम के तहत ऐसे जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

<><><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय ने शिक्षा निदेशालय के सहयोग से 17 और 18 नवंबर को गोलघर स्थित आपदा प्रबंधन भवन में विद्यालय सुरक्षा एवं आपदा तैयारी पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें द्वीपसमूह के विभिन्न विद्यालयों के अड़तीस शिक्षकों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में आपदा प्रबंधन निदेशालय के सहायक निदेशक जनिक राम ने शिक्षकों का स्वागत करते हुए विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और विद्यार्थियों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन की मूल बातें, विद्यालय सुरक्षा, खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा और अग्नि सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने विद्यालयों में इस जानकारी का उपयोग कर विद्यार्थियों और सहकर्मियों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करेंगे।

<><><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम की ओर से कल शाम 6 बजे रोगाणुरोधी जागरूकता सप्ताह विषय पर विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में एनिम्स एवं जीबी पंत अस्पताल के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. विनीता विशेषज्ञ के रूप में स्टूडियो में उपस्थित रहेंगी और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगी। दर्शक इस कार्यक्रम में फोन नम्बर 244–745 या 245–662 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में कल आयोजित होने वाली अस्मिता कयाकिंग एवं कैनोइंग लीग प्रतियोगिता अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दी गई है। अंडमान एवं निकोबार कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ बताया है कि प्रतियोगिता की नई तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी। वहीं अस्मिता महिला बास्केटबॉल लीग प्रतियोगिता की तिथि में भी परिवर्तन किया गया है। अब यह प्रतियोगिता 29 नवंबर को श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक बालिका टीमें 27 नवंबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में अपना पंजीकरण करा सकती हैं।

<><><><><><><><>